स्कूल में प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

दिल्ली पब्लिक स्कूल सेक्टर 45 में समारोह के दौरान सम्मान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी स्कूल की निदेशक प्राचार्य अदिति मिश्रा के साथ ● जागरण

जागरण संवाददाता, गुरुग्राम : दिल्ली पब्लिक स्कूल सेक्टर 45 में ब्लू बैज सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस अवसर पर स्कूल के युवा कलाकारों ने 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की थीम पर विभिन्न शास्त्रीय नृत्य रूपों को मिलाकर सुंदर प्रस्तुति दी। स्कूल की छात्र कल्याण की डीन सपना धवन ने पुरस्कारों की घोषणा की। स्टूडेंट आफ द ईयर का पुरस्कार नंदिनी चानना को दिया गया। अनुकरणीय कार्य के लिए विशेष ज्यूरी का पुरस्कार भुवनेश गोनुगुंटा को दिया गया। भव्य गोविल और संजली गर्ग को साहित्यिक गतिविधियों के लिए प्रोवाइस चेयरपर्सन अवार्ड से सम्मानित किया गया। शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए अध्यक्ष का पुरस्कार आदित्य अरोड़ा और अन्या कपूर को मिला। राजस्थान, तमिलनाडु और हरियाणा में आयोजित राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय शतरंज चौंपियनशिप में उपलब्धियों के लिए इश्वी अग्रवाल को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस दौरान निदेशक प्रिंसिपल अदिति मिश्रा ने अपने भाषण में अभिभावकों के व्यापक समर्थन की सराहना की, जो अपने बच्चों को स्कूल के लाइव माडल के रूप में पोषित कर रहे हैं। उन्होंने गौतम बुद्ध की लघुकथा से प्रेरणा दी कि भविष्य उनके अपने हाथों में है और वे कड़ी मेहनत के साथ अपने सपनों को तराश सकते हैं।